# 3 बच्चों की मां प्रेमी के साथ भाग रही थी, रोकने आए पति को मरवा दिया

**खास बातें**

- दिन-दहाड़े शहर में हुई वारदात, पुलिस ने प्लानिंग के साथ आरोपी को पकड़ा
- भोपाल से आकर प्रेमिका को साथ ले जाने के लिए आया था



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 14 अक्टूबर,** भोपाल में रहने वाला प्रेमी विदिशा में रहने वाली प्रेमिका को अपने साथ भगाकर ले जाने के लिए विदिशा आया और उसे घर से भगा भी लाया था. एनवक्त पर पति को पूरे मामले की जानकारी लगी तो वह अपनी पत्नि को रोकने के लिए खरीफाटक के पास पहुंच गया. जहां पर महिला के प्रेमी ने पति पर चाकूओं से हमला कर घायल कर दिया. हमले में घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया जहां पहुंचने से पहले ही युवक की मौत हो गई. पुलिस ने महिला की मदद से आरोपी को बुलाया जहां पुलिस ने प्लानिंग कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. जिससे पूछताछ की जा रही है. जानकारी के अनुसार बबलू अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ पूरनपुरा इलाके में रहता था. जहां बबलू की पत्नी का भोपाल निवासी दीपक नामक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था. मंगलवार को महिला अपने प्रेमी दीपक के साथ भागने की तैयारी में थी. इस घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है. घटनाक्रम के अनुसार, जब बबलू ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो दीपक ने उस पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया. गंभीर रूप से घायल बबलू को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.

### महिला से फोन लगवा कर आरोपी को बुलाया

वारदात के बाद पुलिस ने महिला से पूछताछ की और उसी के माध्यम से आरोपी को पकड़ने की योजना बनाई। महिला के फोन से दीपक को जिला अस्पताल तिराहे पर बुलाया गया.जैसे ही वह पहुंचा, पहले से घेराबंदी कर खड़ी पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया. आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद किया गया है.

### भोपाल का रहने वाला है आरोपी

एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला अवैध संबंधों के विवाद से जुड़ा हुआ है. बबलू पुरनपुरा का निवासी था, जबकि आरोपी दीपक भोपाल का रहने वाला है. आरोपी से आगे की पूछताछ जारी है.

# टायर ट्यूब की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**अज्ञात कारणों से लगी आग, जांच में जुटी पुलिस**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 14 अक्टूबर ,** सागर पुलिया क्षेत्र में मंगलवार एक टायर-ट्यूब की दुकान में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई.इस घटना में दुकान में रखा लाखों रुपए का नया माल जलकर खाक हो गया. आग लगने का प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि सटीक वजह की पुष्टि अभी नहीं हो पाई है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सागर पुलिया पर स्थित दयाराम की टायर-ट्यूब की गुमटी से धुआं उठता देखा गया. ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैली और देखते ही देखते पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड और दुकानदार को सूचना दी. फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जल चुका था. दुकान संचालक दयाराम ने बताया कि उनके दो बेटे यह दुकान चलाते हैं. उन्होंने बताया कि आग लगने से ठीक एक दिन पहले ही दुकान में नया माल आया था, जिसमें कई टायर और ट्यूब शामिल थे। यह सारा सामान आग की भेंट चढ़ गया. दयाराम के अनुसार, आगजनी में करीब चार लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। उन्होंने यह भी बताया कि दो साल पहले भी उनकी दुकान में चोरी हुई थी, जिसमें लगभग दो लाख रुपए का नुकसान हुआ था. फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर रही है. आग लगने के कारणों की पुष्टि अभी नहीं हो पाई है, लेकिन प्रारंभिक अनुमान शॉर्ट सर्किट का लगाया जा रहा है.

## तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता दिए जाने की मांग

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** सोमवार को मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में कर्मचारी कलेक्टोरेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया गया. इस दौरान उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा केंद्र कर्मचारियों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता की किस्त स्वीकृत की गई है, इस प्रकार राज्य कर्मचारियों को भी तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाए. बताया कि केंद्र सरकार द्वारा दीपावली के अवसर पर केंद्र के कर्मचारियों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की स्वीकृति प्रदान की गई है. उन्होंने कहा कि कर्मचारी संघ प्रदेश सरकार से मांग करता है कि प्रदेश के कर्मचारियों को भी तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाए.उन्होंने कहा कि दीपावली के अवसर पर राज्य के कर्मचारियों को भी तीन प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ दिया जाए.इस दौरान बड़ी संख्या में लघु वेतन कर्मचारी संघ के कर्मचारी मौजूद थे.

# डिक्टेटर की तरह काम कर रहे हैं प्रोजेक्ट डायरेक्टर

**जिला पंचायत अध्यक्ष और उनके प्रतिनिधि ने प्रेसवार्ता कर प्रोजेक्ट डायरेक्टर पर लगाए विभिन्न आरोप**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, भोपाल कानपुर एक्सप्रेस वे के निर्माण में विदिशा बाईपास पर इलेक्ट्रिक टावर शिफ्टिंग का मामला गर्माया हुआ है. विगत दिनों प्रोजेक्ट डायरेक्टर सिद्धांत सिंह की प्रेस वार्ता के बाद आज जिला पंचायत अध्यक्ष और उनके प्रतिनिधि ने प्रेस वार्ता बुलाकर विभिन्न तरह के आरोप प्रोजेक्ट डायरेक्टर सहित पूरे प्रोजेक्ट पर लगाए हैं.**

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी ने कहा कि प्रोजेक्ट डायरेक्टर डिक्टेटर की तरह काम कर रहे हैं.बाईपास के निर्माण में प्रधानमंत्री सड़कों को खराब किया गया है.इलेक्ट्रिक पोल विस्थापन में विद्युत नियामक आयोग की गाइड लाइन मोनोपल या छोटे टावर लगाने की है लेकिन एनएचसी प्रोजेक्ट डायरेक्टर दुर्भावना पूर्ण कार्यवाहियां कर रहे हैं.राजस्व विभाग की प्रक्रिया होती है.मुआवजे की दरें तय होती हैं लेकिन बगैर कुछ तय किये खसरा नंबर में बदलाव किया गया तथा मुझे विलन बनाने की कोशिश की गई.जानबूझकर मेरे खेत को खराब करने का काम किया जा रहा है.करीब 1200 करोड़ रुपए का काम पूरा हो चुका है.करोड़ों की रॉयल्टी में भी गड़बड़ी की गई है.ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने का काम प्रोजेक्ट डायरेक्टर द्वारा किया जा रहा है.भोपाल में कल एनएच बायपास धसा है इसी तरह के हाल विदिशा बाईपास के होंगे. आरओबी बोल नहीं उठाई गई है.पूरी तरह से ठेकेदारों के पक्ष में काम कर रहे हैं.पीडब्ल्यूडी प्रधानमंत्री सड़क के ठेकेदारों ने सड़क को ठीक करने से मना कर दिया है. कई बार कलेक्टर ने बुलाया लेकिन यह प्रतिनिधि को भेजते हैं .मैं दबने वाला नहीं हूं.चाहे कलेक्टर हो आप यहां निवास करते हैं.आपकी भी जिम्मेदारी है.स्थानीय विधायक को आना चाहिए देखना चाहिए.आपराधिक मानहानि की कार्यवाही करूंगा.राजस्व की प्रक्रिया और भारत सरकार के नियमों का पालन न करते हुए दादागिरी की जा रही है.वहीं जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती गीता रघुवंशी ने कहा कि हम अपने परिवार के साथ तीन दिन के लिए उदयपुर घूमने गए थे.मैंने एसडीएम को फोन पर बोला कि आप तीन दिन रुक जाए हम आकर देखते हैं.हमारी यात्रा सफल नहीं हो पाइ. टेंशन हम सभी में रहे.एसडीएम ने मेरी बात नहीं सुनी और प्रशासन की टीम के साथ स्पॉट पर पहुंच गये.



# तेज रफ्तार कार दुकान में घुसी

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा**,विवेकानंद चौराहे से बस स्टैंड की ओर आ रही एक तेज रफ्तार कार एक दुकान में घुस गयी. दुकान को नुकसान होने के साथ-साथ आसपास खड़ी करीब तीन बाइक को भी नुकसान हुआ है. कार की विंडस्क्रीन भी क्षतिग्रस्त हो गई.वहीं कार में सवार कार चालक मौके से फरार हो गया है.दुकान संचालक हरि सिंह जाट ने बताया कि विवेकानंद चौराहे पर कार चालक और वहां से गुजर रहे एक बाइक सवार के साथ कहा सुनी हुई थी वह बहस करते हुए और लड़ते हुए इस और आ रहे थे. कार की रफ्तार काफी तेज थी और वह आज नियंत्रित होकर दुकान में जा घुसी.पुलिस घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंची और कार्रवाई में जुट गई.इस हादसे में किसी को चोट नही आई.

# किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध कराने तथा पूर्व की तरह खाद वितरण व्यवस्था कराये जाने की मांग को लेकर मंगलवार को कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने किसानों के साथ तहसील पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी से चर्चा की. इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्या बताते हुए उनके निराकरण की मांग की. उन्होंने कहा कि किसान डीएपी खाद के लिए परेशान हो रहे हैं. वेयरहाउस पर डीएपी खाद के लिए किसानों की भीड़ लगी हुई है. किसानों को खाद वितरण हेतु नवीन व्यवस्था पंजीयन टोकन एवं पायलट प्रोजेक्ट से परेशानी हो रही है. जिसके कारण किसान परेशान है. उन्होंने पूर्व की तरह ही खाद वितरण व्यवस्था लागू कराने तथा किसानों को पर्याप्त डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग की. इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं के बारे में भी बताया.


